Email : smpcollege392@gmail.com
Website : www.smpcollege.in
Mob : 7004965985, 9142877673

S.M.P COLLEGE FATEHPUR, GAYA JI

(College Code - 392)

A Permanently Affiliated Unit of Magadh University, Bodh Gaya & Recognized by State Government

ESTD : 2012

Ref. No. : SMPC/EXAM/12/2026 **Date : 24/10/2026**

पंचम सेमेस्टर (5th Semester) परीक्षा प्रपत्र सूचना (सत्र 2024-28)

उपर्युक्त विषय के संबंध में समस्त छात्र/छात्राओं को सूचित किया जाता है कि Bachelor of Arts/Science (4 वर्षीय पाठ्यक्रम) Choice Based Credit System (CBCS) अंतर्गत **सत्र 2024-28 के पंचम सेमेस्टर (5th Semester)** की परीक्षा हेतु परीक्षा प्रपत्र भरने एवं शुल्क जमा करने की तिथि निम्नानुसार निर्धारित की जाती है—

अवधि	शुल्क
दिनांक 26/10/2026 से 03/11/2026 तक	सामान्य शुल्क सहित
दिनांक 04/11/2026 से 05/11/2026 तक	**₹100/- विलंब शुल्क सहित**

अतः सभी संबंधित छात्र/छात्राएँ निर्धारित अवधि के भीतर महाविद्यालय कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर अपना परीक्षा प्रपत्र भरना एवं परीक्षा शुल्क जमा करना सुनिश्चित करें।

जिन छात्र/छात्राओं द्वारा अब तक पंचम सेमेस्टर में नामांकन पूर्ण नहीं किया गया है, वे नामांकन पूर्ण कर लेने के उपरांत ही परीक्षा प्रपत्र भरेंगे, अन्यथा उनका प्रपत्र स्वीकार नहीं किया जाएगा।

इंटर्नशिप संबंधी निर्देश : जिन छात्र/छात्राओं द्वारा अब तक इंटर्नशिप पूर्ण नहीं की गई है, वे इंटर्नशिप पूर्ण कर **दिनांक 01/11/2026 तक** अपनी इंटर्नशिप रिपोर्ट एवं संबंधित सभी दस्तावेज महाविद्यालय कार्यालय में अनिवार्य रूप से जमा करें। इंटर्नशिप दस्तावेज जमा करने के उपरांत ही उनका परीक्षा प्रपत्र भरा जाएगा।

सत्र 2023-27 के छात्रों हेतु : वैसे छात्र/छात्राएँ जो पंचम सेमेस्टर (5th Semester) की परीक्षा में **अनुपस्थित (Absent)** रहे, किसी विषय में **अनुत्तीर्ण (Fail)** रहे अथवा जिन्होंने **परीक्षा प्रपत्र नहीं भरा (Exam Form Not Filled)** था, वे भी **सत्र 2024-28 के छात्रों के साथ ही** उपर्युक्त निर्धारित तिथि के भीतर अपना परीक्षा प्रपत्र एवं शुल्क अनिवार्य रूप से जमा करें।

निर्धारित अंतिम तिथि के पश्चात किसी भी परिस्थिति में परीक्षा प्रपत्र/शुल्क स्वीकार नहीं किया जाएगा। इसके लिए संबंधित छात्र/छात्रा स्वयं पूर्णतः उत्तरदायी होंगे।

आवश्यक दस्तावेज

1. चतुर्थ सेमेस्टर (4th Semester) का एडमिट कार्ड एवं मार्कशीट
2. आधार कार्ड (छायाप्रति)
3. पासपोर्ट साइज फोटो
4. पंचम सेमेस्टर (5th Semester) की नामांकन/शुल्क रसीद

इंटर्नशिप दस्तावेज (RKnexora द्वारा प्रदत्त)

1. इंटर्नशिप प्रमाण पत्र (Internship Certificate)
2. उपस्थिति पत्रक (Attendance Sheet)
3. दैनिक लॉग बुक (Daily Log Book)
4. इंटर्नशिप रिपोर्ट (Internship Report)
5. इंटर्नशिप सहमति पत्र (Internship Consent Letter)
6. विभागीय प्रमाण पत्र (Department Certificate)
7. मूल्यांकन अंकपत्र (Assessment Marksheet)
8. RKnexora द्वारा प्रदत्त अन्य सभी दस्तावेज

आदेशानुसार

प्राचार्य
एस.एम.पी. कॉलेज, फतेहपुर, गया
(कॉलेज कोड : 392)

PRINCIPAL
S.M.P COLLEGE
FATEHPUR (GAYA)

प्रतिलिपि :
1. सूचना पट्ट
2. परीक्षा विभाग
3. महाविद्यालय वेबसाइट